**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ..............................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________

(In words)

**Test Booklet No.** **W X Y Z**

**J—0009**

**Time : 1¼ hours]**

# PAPER—I

**[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ⬬ (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside this Booklet, which is common for Paper I and Paper II.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ⬬ (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. **प्रश्न पत्र I और प्रश्न पत्र II के लिए एक ही उत्तर पत्रक है जो इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है।** प्रश्नों के उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

| FOR OFFICE USE ONLY | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Marks Obtained** | | | | | | | |
| **Question Number** | **Marks Obtained** | **Question Number** | **Marks Obtained** | **Question Number** | **Marks Obtained** | **Question Number** | **Marks Obtained** |
| 1 | | 26 | | 51 | | 76 | |
| 2 | | 27 | | 52 | | 77 | |
| 3 | | 28 | | 53 | | 78 | |
| 4 | | 29 | | 54 | | 79 | |
| 5 | | 30 | | 55 | | 80 | |
| 6 | | 31 | | 56 | | 81 | |
| 7 | | 32 | | 57 | | 82 | |
| 8 | | 33 | | 58 | | 83 | |
| 9 | | 34 | | 59 | | 84 | |
| 10 | | 35 | | 60 | | 85 | |
| 11 | | 36 | | 61 | | 86 | |
| 12 | | 37 | | 62 | | 87 | |
| 13 | | 38 | | 63 | | 88 | |
| 14 | | 39 | | 64 | | 89 | |
| 15 | | 40 | | 65 | | 90 | |
| 16 | | 41 | | 66 | | 91 | |
| 17 | | 42 | | 67 | | 92 | |
| 18 | | 43 | | 68 | | 93 | |
| 19 | | 44 | | 69 | | 94 | |
| 20 | | 45 | | 70 | | 95 | |
| 21 | | 46 | | 71 | | 96 | |
| 22 | | 47 | | 72 | | 97 | |
| 23 | | 48 | | 73 | | 98 | |
| 24 | | 49 | | 74 | | 99 | |
| 25 | | 50 | | 75 | | 100 | |

Total Marks Obtained (in words) ....................................

(in figures) ....................................

Signature & Name of the Coordinator ...............................

(Evaluation) Date .............................

## PAPER – I

## प्रश्नपत्र – I

**Note :** This paper contains **fifty** (50) multiple-choice questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** Good evaluation of written material should not be based on :

(A) Linguistic expression

(B) Logical presentation

(C) Ability to reproduce whatever is read

(D) Comprehension of subject

**2.** Why do teachers use teaching aid ?

(A) To make teaching fun–filled

(B) To teach within understanding level of students

(C) For students' attention

(D) To make students attentive

**1.** लिखित सामग्री का सही मूल्यांकन निम्न में से किस पर आधारित नहीं होना चाहिए ?

(A) भाषायी अभिव्यक्ति

(B) तार्किक प्रस्तुति

(C) जो पढ़ा गया है उसे पुन: प्रस्तुत करने की क्षमता

(D) विषय का परिज्ञान

**2.** शिक्षक, शिक्षण सामग्री का उपयोग क्यों करते हैं ?

(A) शिक्षण को मनोरंजक बनाना

(B) विद्यार्थियों को समझ की सीमा में पढ़ाना

(C) विद्यार्थियों के ध्यानाकर्षण के लिए

(D) विद्यार्थियों को सतर्क करने के लिए

3. Attitudes, concepts, skills and knowledge are products of :

(A) Learning (B) Research

(C) Heredity (D) Explanation

4. Which among the following gives more freedom to the learner to interact ?

(A) Use of film

(B) Small group discussion

(C) Lectures by experts

(D) Viewing country–wide classroom programme on TV

5. Which of the following is ***not*** a product of learning ?

(A) Attitudes (B) Concepts

(C) Knowledge (D) Maturation

6. How can the objectivity of the research be enhanced ?

(A) Through its impartiality (B) Through its reliability

(C) Through its validity (D) All of these

7. Action–research is :

(A) An applied research

(B) A research carried out to solve immediate problems

(C) A longitudinal research

(D) All the above

8. The basis on which assumptions are formulated :

(A) Cultural background of the country

(B) Universities

(C) Specific characteristics of the castes

(D) All of these

9. Which of the following is classified in the category of the developmental research ?

(A) Philosophical research (B) Action research

(C) Descriptive research (D) All the above

3. अभिवृत्ति, संकल्पना, कौशल तथा ज्ञान उपज है :

(A) सीखने की प्रक्रिया का
(B) शोध का
(C) वंशानुगतता का
(D) व्याख्या का

4. निम्नलिखित में से कौन सी विधि सीखने वाले को अन्योन्यक्रिया में अधिक स्वंतत्रता देती है ?

(A) फिल्म का उपयोग
(B) छोटे समूह में चर्चा
(C) विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान
(D) टी.वी. पर देश व्यापी कक्षा-कार्यक्रम का अवलोकन

5. निम्नांकित में से कौनसा सीखने की प्रक्रिया का परिणाम ***नहीं*** है ?

(A) अभिवृत्ति
(B) संकल्पना
(C) ज्ञान
(D) परिपक्वता

6. शोध की विषयनिष्ठता को किस प्रकार बढ़ाया जा सकता है ?

(A) उसकी निष्पक्षता के जरिये
(B) उसकी विश्वस्तता के जरिये
(C) उसकी वैधता के जरिये
(D) उपर्युक्त सभी

7. व्यवहारिक शोध है :

(A) अनुप्रयुक्त शोध
(B) तात्कालिक समस्याओं के समाधान हेतु किया गया शोध
(C) देशान्तरीय शोध
(D) उपर्युक्त सभी

8. मान्यताएं निर्मित करने का आधार क्या है ?

(A) देश की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि
(B) विश्वविद्यालय
(C) जातियों की विशिष्ठ विशेषताएं
(D) उपर्युक्त सभी

9. निम्नांकित में से किसे विकासात्मक शोध के वर्ग में वर्गीकृत किया गया है ?

(A) दार्शनिक (तात्विक) शोध
(B) क्रियात्मक शोध
(C) विवरणात्मक शोध
(D) उपर्युक्त सभी

**10.** We use Factorial Analysis :

(A) To know the relationship between two variables

(B) To test the Hypothesis

(C) To know the difference between two variables

(D) To know the difference among the many variables

***Read the following passage and answer the questions 11 to 15 :***

While the British rule in India was detrimental to the economic development of the country, it did help in starting of the process of modernizing Indian society and formed several progressive institutions during that process. One of the most beneficial institutions, which were initiated by the British, was democracy. Nobody can dispute that despite its many shortcomings, democracy was and is far better alternative to the arbitrary rule of the rajas and nawabs, which prevailed in India in the pre–British days.

However, one of the harmful traditions of British democracy inherited by India was that of conflict instead of cooperation between elected members. This was its essential feature. The party, which got the support of the majority of elected members, formed the Government while the others constituted a standing opposition. The existence of the opposition to those in power was and is regarded as a hallmark of democracy.

In principle, democracy consists of rule by the people; but where direct rule is not possible, it's rule by persons elected by the people. It is natural that there would be some differences of opinion among the elected members as in the rest of the society.

Normally, members of any organizations have differences of opinion between themselves on different issues but they manage to work on the basis of a consensus and they do not normally form a division between some who are in majority and are placed in power, while treating the others as in opposition.

The members of an organization usually work on consensus. Consensus simply means that after an adequate discussion, members agree that the majority opinion may prevail for the time being. Thus persons who form a majority on one issue and whose opinion is allowed to prevail may not be on the same side if there is a difference on some other issue.

It was largely by accident that instead of this normal procedure, a two party system came to prevail in Britain and that is now being generally taken as the best method of democratic rule.

Many democratically inclined persons in India regret that such a two party system was not brought about in the country. It appears that to have two parties in India – of

10. हम कारक विश्लेषण का उपयोग करते हैं :

(A) दो चरों के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए

(B) प्राक्कल्पना का परीक्षण करने के लिए

(C) दो चरों के बीच अन्तर जानने के लिए

(D) बहुत से चरों के बीच अन्तर जानने के लिए

***निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए तथा 11 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर दीजिए :***

जब ब्रिटिश शासन देश के आर्थिक विकास को क्षति पहुँचाने वाला हो गया था तब भी उसने भारतीय समाज के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया शुरु करने तथा इस प्रक्रिया ने बहुत सी प्रगतिशील संस्थाओं को स्थापित करने में मदद की। अंग्रेजों द्वारा शुरु की गई हितकारी संस्थाओं में से एक था प्रजातंत्र। इस बात का कोई विरोध नहीं कर सकता कि बहुत सी कमियों के बावजूद लोकतंत्र भारत में ब्रिटीश शासन से पूर्व प्रचलित राजाओं तथा नवाबों के निरंकुश शासन का अच्छा और बेहतर विकल्प था।

वैसे, भारत ने ब्रिटिश लोकतंत्र की जो हानिकारक परम्परा अपनाई वह थी उसके निर्वाचित सदस्यों में सहयोग की अपेक्षा विरोध का भाव। यह उसका अनिवार्य लक्षण था। वह पार्टी, जिसको निर्वाचित सदस्यों का बहुमत प्राप्त होता था, वह सरकार बनाती थी जबकि अन्य सदस्य विपक्ष में होते थे। विपक्ष का अस्तित्व ही सत्ता में बैठे लोगों के लिए प्रजातंत्र का हॉलमार्क माना गया।

सैद्धान्तिक दृष्टि से, प्रजातंत्र लोगों द्वारा शासन है, किन्तु जहाँ प्रत्यक्ष शासन सम्भव नहीं है, वहाँ लोगों द्वारा निर्वाचित सदस्यों का शासन होता है। यह स्वाभाविक है कि समाज के अन्य लोगों की तरह ही निर्वाचित सदस्यों के विचारों में भी कुछ मतभेद हो।

सामान्यत: किसी भी संगठन के सदस्यों में विभिन्न मुद्दों पर मतभेद होता है परन्तु वे सर्वसम्मति के आधार पर कार्य करते हैं तथा वे सामान्यत: जो सत्ता और बहुमत में हैं तथा अन्य जो विपक्ष में हैं उनमें भेद नहीं करते।

संगठन के सदस्य प्राय: सर्वसम्मति से कार्य करते हैं। सर्वसम्मति का साधारण रूप से अर्थ है, पर्याप्त चर्चा के बाद, बहुमत से पारित प्रस्ताव सदस्यों को उस समय स्वीकार होता है। अत: सदस्य, जो किसी मुद्दे पर बहुमत में होते हैं तथा जिनका प्रस्ताव स्वीकृत होता है, यह आवश्यक नहीं कि वे किसी अन्य मुद्दे पर मतभेद की स्थिति में एकमत ही हों।

व्यापक रूप से, यह संयोग ही था कि इस सामान्य प्रक्रिया की अपेक्षा ब्रिटेन में दो पार्टियों की व्यवस्था अभिभावी हुई, जिसे प्रजातान्त्रिक शासन की सबसे उत्तम पद्धति के रूप में अब सामान्यत: स्वीकार कर लिया गया है।

भारत में प्रजातंत्र में प्रवृत्त बहुत से लोग दो दलों की व्यवस्था को देश में लागू करने में खिन्नता अनुभव करते हैं। ऐसा लगता है, भारत में लगभग बराबर शक्ति के दो दलों का होना – वस्तुत: असम्भाव्य है। दो दलों की व्यवस्था के अभाव के प्रति जो खिन्नता प्रकट करते हैं उनको इनके कारणों पर विचार करना चाहिए।

more or less equal strength – is a virtual impossibility. Those who regret the absence of a two–party system should take the reasons into consideration.

When the two party system got established in Britain, there were two groups among the rules (consisting of a limited electorate) who had the same economic interests among themselves and who therefore formed two groups within the selected members of Parliament.

There were members of the British aristocracy (which landed interests and consisting of lord, barons etc) and members of the new commercial class consisting of merchants and artisans. These groups were more or less of equal strength and they were able to establish their separate rule at different times.

***Answer the following questions :***

**11.** In pre–British period, when India was ruled by the independent rulers :
(A) Peace and prosperity prevailed in the society
(B) People were isolated from political affairs
(C) Public opinion was inevitable for policy making
(D) Law was equal for one and all

**12.** What is the distinguishing feature of the democracy practiced in Britain ?
(A) End to the rule of might is right.
(B) Rule of the people, by the people and for the people.
(C) It has stood the test of time.
(D) Cooperation between elected members.

**13.** Democracy is practiced where :
(A) Elected members form a uniform opinion regarding policy matter.
(B) Opposition is more powerful than the ruling combine.
(C) Representatives of masses.
(D) None of these.

**14.** Which of the following is ***true*** about the British rule in India ?
(A) It was behind the modernization of the Indian society.
(B) India gained economically during that period.
(C) Various establishments were formed for the purpose of progress.
(D) None of these.

**15.** Who became the members of the new commercial class during that time ?
(A) British Aristocrats (B) Lord and barons
(C) Political Persons (D) Merchants and artisans

ब्रिटेन में जब दो दल वाली व्यवस्था स्थापित हो गई तो शासन में दो समूह थे (जिसमें निर्वाचक सीमित थे) जिनके आर्थिक हित समान थे। अत: उनके सदन के निर्वाचित सदस्यों के दो समूह हो गए।

ब्रिटिश प्रजातंत्र में कुछ सदस्य ऐसे थे (जिनकी लार्ड, नवाब सामन्ती व्यवस्था आदि में रूचि थी) तथा नए व्यावसायिक वर्ग के सदस्यों में व्यापारी और शिल्पी शामिल थे। इन समूहों का बल लगभग समान था तथा विभिन्न कालों में वे अपना पृथक् शासन स्थापित करने के योग्य थे।

***निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :***

**11.** ब्रिटिश–पूर्व काल में भारत जब स्वतंत्र शासकों द्वारा शासित था, तब :

(A) समाज में शांति तथा समृद्धि परिव्याप्त थी

(B) राजनीतिक मामलों से जनता असंपृक्त थी

(C) नीति निर्धारण में जनमत आवश्यक था

(D) कानून सबके लिए समान था

**12.** ब्रिटेन में प्रचलित प्रजातंत्र के विशिष्ट लक्षण क्या है ?

(A) जिसकी लाठी उसकी भैंस के शासन का अन्त

(B) जनता का जनता के लिए जनता द्वारा शासन

(C) यह समय की कसौटी पर खरा उतरा

(D) निर्वाचित सदस्यों में पारस्परिक सहयोग

**13.** प्रजातंत्र इनमें से क्या है ?

(A) निर्वाचित सदस्यों का नीति निर्धारण के मुद्दों पर एकमत होना

(B) सत्ता पक्ष की अपेक्षा विपक्ष का अधिक शक्तिशाली होना

(C) आमजन के प्रतिनिधि

(D) इनमें से कोई नहीं

**14.** भारत में ब्रिटिश शासन के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा ***सही*** है ?

(A) यह भारतीय समाज के आधुनिकीकरण पीछे था।

(B) इस अवधि में भारत को आर्थिक लाभ हुआ।

(C) प्रगति के उद्देश्य से विभिन्न संस्थाओं की स्थापना हुई।

(D) इनमें से कोई नहीं।

**15.** उस अवधि में नए व्यावसायिक वर्ग के सदस्य कौन हुए ?

(A) ब्रिटिश - आभिजात्य वर्ग

(B) लार्ड तथा नवाब

(C) राजनीतिज्ञ

(D) व्यापारी तथा शिल्पी

**16.** Which one of the following Telephonic Conferencing with a radio link is very popular throughout the world ?

(A) TPS (B) Telepresence

(C) Video conference (D) Video teletext

**17.** Which is ***not*** 24 hours news channel ?

(A) NDTV 24x7 (B) ZEE News

(C) Aajtak (D) Lok Sabha channel

**18.** The main objective of F.M. station in radio is :

(A) Information, Entertainment and Tourism

(B) Entertainment, Information and Interaction

(C) Tourism, Interaction and Entertainment

(D) Entertainment only

**19.** In communication chatting in internet is :

(A) Verbal communication (B) Non verbal communication

(C) Parallel communication (D) Grapevine communication

**20.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the codes given below :

| | ***List–I (Artists)*** | | ***List–II (Art)*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Pandit Jasraj | (i) | Hindustani vocalist |
| (b) | Kishan Maharaj | (ii) | Sitar |
| (c) | Ravi Shankar | (iii) | Tabla |
| (d) | Udai Shankar | (iv) | Dance |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**21.** Insert the missing number in the following :

3, 8, 18, 23, 33, **?**, 48

(A) 37 (B) 40 (C) 38 (D) 45

**22.** In a certain code, CLOCK is written as KCOLC. How would STEPS be written in that code ?

(A) SPEST (B) SPSET (C) SPETS (D) SEPTS

**16.** निम्नलिखित में से कौनसा रेडियो लिंक के साथ दूरभाष वार्तालाप विश्व में बहुत लोकप्रिय है ?

(A) TPS (B) टेलीफोन

(C) विडियो वार्ता (D) विडियो टेलीटेक्स्ट

**17.** कौनसा 24 घन्टे समाचार चेनल ***नहीं*** है ?

(A) एन.डी.टी.वी. 24x7 (NDTV 24x7) (B) जी न्यूज (ZEE News)

(C) आजतक (Aajtak) (D) लोकसभा चेनल (Lok Sabha channel)

**18.** रेडियों में एफ.एम. स्टेशन का मुख्य उद्देश्य है :

(A) सूचना, मनोरंजन तथा पर्यटन (B) मनोरंजन, सूचना तथा अन्तर्संवाद

(C) पर्यटन, अन्तर्संवाद, तथा मनोरंजन (D) केवल मनोरंजन

**19.** इन्टरनेट पर संचार बातचीत है :

(A) मौखिक संचार (B) गैर मौखिक संचार

(C) समानान्तर संचार (D) ग्रेपवाइन संचार

**20.** सूची–I को सूची–II से मिलाते हुए कोड़ का प्रयोग करके सही उत्तर दीजिए :

| | ***सूची-I*** ***(कलाकार)*** | | ***सूची-II*** ***(कला)*** |
|---|---|---|---|
| (a) | पंडित जसराज | (i) | हिन्दुस्तानी वोकलिस्ट |
| (b) | किशन महाराज | (ii) | सितार |
| (c) | रवि शंकर | (iii) | तबला |
| (d) | उदय शंकर | (iv) | डान्स |

***कोड़ :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**21.** निम्नांकित में लुप्त संख्या लिखिए :

3, 8, 18, 23, 33, **?**, 48

(A) 37 (B) 40 (C) 38 (D) 45

**22.** किसी कोड में, CLOCK को KCOLC की तरह से लिखा गया है। STEPS को उस कोड में किस प्रकार लिखा जाएगा ?

(A) SPEST (B) SPSET (C) SPETS (D) SEPTS

**23.** The letters in the first set have a certain relationship. On the basis of this relationship mark the right choice for the second set :

BDFH : OMKI : : GHIK : **?**

(A) FHJL (B) RPNL (C) LNPR (D) LJHF

**24.** What was the day of the week on 1st January 2001 ?

(A) Friday (B) Tuesday

(C) Sunday (D) Wednesday

**25.** Find out the wrong number in the sequence.

52, 51, 48, 43, 34, 27, 16

(A) 27 (B) 34 (C) 43 (D) 48

**26.** In a deductive argument conclusion is :

(A) Summing up of the premises

(B) Not necessarily based on premises

(C) Entailed by the premises

(D) Additional to the premises

**27.** 'No man are mortal' is contradictory of :

(A) Some man are mortal (B) Some man are not mortal

(C) All men are mortal (D) No mortal is man

**28.** A deductive argument is valid if :

(A) premises are false and conclusion true

(B) premises are false and conclusion is also false

(C) premises are true and conclusion is false

(D) premises are true and conclusion is true

**29.** Structure of logical argument is based on :

(A) Formal validity (B) Material truth

(C) Linguistic expression (D) Aptness of examples

**30.** Two ladies and two men are playing bridge and seated at North, East, South and West of a table. No lady is facing East. Persons sitting opposite to each other are not of the same sex. One man is facing South. Which direction are the ladies facing to ?

(A) East and West (B) North and West

(C) South and East (D) None of these

23. पहले समुच्चय में अक्षरों का कुछ सम्बन्ध है। इस सम्बन्ध के आधार पर दूसरे समुच्चय के लिए सही विकल्प बताइए :

BDFH : OMKI : : GHIK : **?**

(A) FHJL (B) RPNL (C) LNPR (D) LJHF

24. पहली जनवरी 2001 को हफ्ते का कौनसा दिन था ?

(A) शुक्रवार (B) मंगलवार (C) रविवार (D) बुधवार

25. निम्नांकित अनुक्रम में गलत संख्या ज्ञात कीजिए :

52, 51, 48, 43, 34, 27, 16

(A) 27 (B) 34 (C) 43 (D) 48

26. निगमनात्मक तर्क का निष्कर्ष :

(A) आधार वाक्यों का योग है।

(B) आधार वाक्यों पर अनिवार्यत: आधारित नहीं होता है।

(C) आधार वाक्यों से फलित होते हैं।

(D) आधार वाक्यों से अतिरिक्त होता है।

27. ''कोई मनुष्य मरणशील नहीं है।'' का व्याघातक :

(A) कुछ मनुष्य मरणशील हैं। (B) कुछ मनुष्य मरणशील नहीं है।

(C) सभी मनुष्य मरणशील हैं। (D) कोई मरणशील मनुष्य नहीं हैं।

28. निगमनात्मक तर्क वैध होता है यदि :

(A) आधार वाक्य असत्य और निष्कर्ष सत्य हो।

(B) आधार वाक्य असत्य और निष्कर्ष भी असत्य हो।

(C) आधार वाक्य सत्य और निष्कर्ष असत्य हो।

(D) आधार वाक्य सत्य और निष्कर्ष सत्य हो।

29. तार्किक युक्ति की रचना का आधार है :

(A) आकारिक वैधता (B) तथ्यात्मक सत्यता

(C) भाषाकीय अभिव्यक्ति (D) उदाहरणों की उपयुक्तता


30. दो महिलाएं और दो पुरूष ब्रिज खेल रहें हैं और मेज के उत्तर, पूर्व, दक्षिण एवं पश्चिम की ओर बैठे हैं। कोई भी महिला पूर्व के सामने नहीं है। एक दूसरे के सामने बैठे व्यक्ति एक ही लिंग के नहीं हैं। एक पुरूष दक्षिण दिशा के सम्मुख है, महिलाएं कौनसी दिशाओं के सम्मुख हैं ?

(A) पूर्व एवं पश्चिम (B) उत्तर एवं पश्चिम

(C) दक्षिण एवं पूर्व (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Question Nos. 31 to 35 NOT FOR VISUALLY HANDICAPPED CANDIDATES**

Questions 31 and 32 are based on the following venn diagram in which there are three intersecting circles representing Hindi knowing persons, English knowing persons and persons who are working as teachers. Different regions so obtained in the figure are marked as a, b, c, d, e, f and g.




**31.** If you want to select Hindi and English knowing teachers, which of the following is to be selected ?


(A) g (B) b (C) c (D) e

**32.** If you want to select persons, who do not know English and are not teachers, which of the region is to be selected ?

(A) e (B) g (C) b (D) a

**Study the following graph carefully and answer questions 33 to 35.**

Export of Engineering Goods




**33.** In which year the quantity of engineering goods' exports was maximum ?

(A) 2005 (B) 2006 (C) 2004 (D) 2007

**34.** In which year the value of engineering goods decreased by 50 percent compared to the previous year ?


(A) 2004 (B) 2007 (C) 2005 (D) 2006

**35.** In which year the quantity of exports was 100 percent higher than the quantity of previous year ?

(A) 2004 (B) 2005 (C) 2006 (D) 2007

**प्रश्न संख्या 31 से 35 तक दृष्टि-विकलांग अभ्यर्थियों के लिए नहीं है।**

प्रश्न संख्या 31 और 32 नीचे दिये गये 'वेन' डायग्राम पर आधारित हैं जिसमें परस्पर काटते हुए तीन वृत्त हैं जो कि हिन्दी जानने वाले व्यक्ति, अंग्रेजी जानने वाले व्यक्ति तथा वो व्यक्ति जो अध्यापक हैं, का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस डायग्राम में जो क्षेत्र प्राप्त हो रहे हैं उनको a, b, c, d, e, f, g से अंकित किया गया है।




**31.** यदि आप हिन्दी और अंग्रेजी जानने वाले अध्यापक को चुने तो निम्नलिखित में से किसको चुनेगें ?


(A) g (B) b (C) c (D) e

**32.** यदि आप ऐसे व्यक्तियों को चुनना चाहे जो अंग्रेजी नहीं जानते हो और अध्यापक भी न हो तो निम्नलिखित में से किसको चुनेगें ?

(A) e (B) g (C) b (D) a

**निम्नलिखित ग्राफ का अवलोकन करें और प्रश्न संख्या 33 से 35 का उत्तर दें।**

इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात




**33.** इंजीनियरिंग सामग्री के निर्यात की सर्वाधिक मात्रा किस वर्ष में हुई है ?

(A) 2005 (B) 2006 (C) 2004 (D) 2007

**34.** इंजीनियरिंग सामग्री का मूल्य पिछले वर्ष की तुलना में कौनसे वर्ष में 50% कम हुआ ?

(A) 2004 (B) 2007 (C) 2005 (D) 2006

**35.** निर्यात की मात्रा की किस वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में 100% वृद्धि हुई ?

(A) 2004 (B) 2005 (C) 2006 (D) 2007

[redacted]

***Read the passage and answer the question 31 to 35 :***

The surge witnessed in mergers, amalgamations and take over of companies during the past few years is indicative of the shape of things to come. While these concepts are not new and were recognised even in the Companies Act of 1913, the compulsions have undergone a dramatic change. In the past, mergers and acquisitions were used largely as an instrument for revival of sick units or for obtaining tax benefits. It was not uncommon for a business house to merge a sick company with a profit–making one and claim tax benefits. The objective was not necessarily to achieve faster growth. The liberalisation process witnessed during the late seventies and the eighties and particularly the relaxation of some of the restrictive provisions of MRTP Act and FERA, brought about a qualitative change in the mergers and amalgamations of companies. Even so, the incentive to grow was almost non–existent and in fact some companies preferred to "demerge" by splitting one company into two or more so as to escape from the harsh provisions of the MRTP Act.

The fast pace of liberalisation since July 1991 and the time bound programme of structural reforms under pressure from the IMF and the World Bank have shaken the Indian industry from a slumber by exposing it to internal as well as international competition. Not surprisingly, the pressure is building up on every enterprise to modernise and expand to cut costs. Gone are the days of the licence and permit raj, high import duties and the prosperity guaranteed by a "seller's market". With the rising threat of competition and the "seller's market" giving way to "buyer's market" in a large number of industries, the compulsion to look for economics of scale in production and cutting down the selling cost is increasing.

Simultaneously, the virtual scrapping of the MRTP provisions and relaxation in FERA have removed the disincentives to grow. Hence mergers, amalgamations and take overs have assumed greater importance. Mergers and acquisitions have now come to represent a short cut for companies to achieve accelerated growth. This is the trend world over and India cannot remain an exception as it moves towards globalisation.

**31.** What was the motive of some companies behind resorting to demerger ?

(A) to enhance their accountability

(B) to bring about technical changes

(C) to face the competition in market

(D) to elude the harsh legal provisions

[redacted]

***अवतरण को पढ़कर 31 से 35 तक के प्रश्नों के उत्तर दीजिए।***

पिछले कुछ वर्षों में कंपनियों का विलय, समामेलन तथा अधिकार लेने में उमड़ाव करने को व्यक्त करता है। ये धारणाएं नवीन नहीं हैं। ये कंपनी एक्ट 1913 में भी स्वीकार कर ली गई थी। इन अनिवार्यताओं में नाटकीय परिवर्तन आया हैं। विगत वर्षों में विलयन तथा अधिग्रहण, बीमार इकाइयों के पुनर्जीवन तथा कर लाभों को प्राप्त करने के साधन के रूप में मुख्यत: प्रयोग किया जाता था। किसी बीमार कंपनी का लाभ बनाने वाली कंपनी के साथ विलयन करके कर लाभों का दावा करना व्यावसायिक सदनों के लिए असामान्य बात नहीं थी। इसका उद्देश्य अनिवार्यत: तीव्र विकास को प्राप्त करना नहीं था। 70 तथा 80 के उत्तरार्द्ध में उदारीकरण की प्रक्रिया, तथा विशेष रूप से एम आर टी पी (MRTP) एक्ट तथा एफ ई आर ए (FERA) की प्रतिबंधात्मक प्रावधानों में कुछ छूट कंपनियों के विलय तथा समामेलन में गुणात्मक परिवर्तन लाए। फिर भी, विकास के प्रोत्साहन प्राय: गैर-मौजूद थे तथा वास्तव में कुछ कंपनियों ने एम आर टी पी एक्ट (MRTP Act) के कठोर प्रावधानों से बचने के लिए विलयन की अपेक्षा एक से दो या ज्यादा में विभक्त करना पसन्द किया।

जुलाई 1991 से उदारीकरण की तीव्र गति तथा आई एम एफ (IMF) तथा विश्व बैंक के दबाव में संरचनात्मक सुधार के समय बाधित कार्यक्रम ने आभ्यंतर (राष्ट्रीय) तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लाकर निर्जीव स्थिति से भारतीय उद्योगों को हिला दिया है। यह आश्चर्यजनक नहीं, कीमतों का कम करने के लिए आधुनिक होने तथा विस्तार के लिए हर व्यवसाय पर दबाव पड़ रहा है। अनुज्ञापन तथा अनुमति राज उच्च आयात कर तथा 'विक्रेता बाज़ार' द्वारा सुनिश्चित समृद्धि के दिन गए। प्रतियोगिता की बढ़ती मार तथा ज्यादा से ज्यादा उद्योगों में 'विक्रेता बाज़ार' द्वारा 'क्रेता बाज़ार' को रास्ता देने के साथ, उत्पादन पैमाने की किफायतों को ढूढ़ने की बाध्यता तथा विक्रय लागत को कम करने की अनिवार्यता बढ़ रही है।

इसके साथ ही, एम आर टी पी (MRTP) प्रावधानों को असल हटाना तथा एफ ई आर ए (FERA) में छूट ने हतोत्साहनों को दूर किया, और उन्हें बढ़ने नहीं दिया। अत: विलयन, समामेलन तथा अधिग्रहण अत्यन्त महत्वपूर्ण बन गए। विलय तथा अधिग्रहण, अब कंपनियों के त्वरक विकास को प्राप्त करने के लिए छोटे रास्ते को व्यक्त करता है। यह प्रवृत्ति विश्वव्यापी है तथा भारत भी इसका अपवाद नहीं हो सकता क्योंकि वह वैश्वीकरण की ओर बढ़ रहा है।

**31.** 'डिमर्जर' का सहारा लेने के पीछे कुछ कंपनियों का क्या उद्देश्य था ?

(A) उनके जवाब देयता में वृद्धि करना

(B) तकनीकी परिवर्तनों को लाना

(C) बाजार में प्रतियोगिता का सामना करना

(D) कठोर संवैधानिक नीतियों को टालना।

**32.** What is the meaning of the phrase, "sellers market" giving way to "buyers market" ?

(A) Confrontation between sellers and buyers in a market over price

(B) Market financially in favour of consumers

(C) More demand than supply in a market

(D) Demand and supply proportionate in a market

**33.** For which of the following was the amalgamations largely used in the past ?

(A) to achieve accelerated growth

(B) serving on taxes payable to the government

(C) overcoming the provisions of revival of sick units

(D) forcing the government to adopt liberalisation process

**34.** Which of the following is ***true*** about the government's stand on import duties ?

(A) Import duty is now raised in order to earn revenue

(B) Import duty is now lowered to encourage healthy competition

(C) Import duty is lowered in order to encourage imports

(D) Import duty is raised in order to discourage buying of foreign goods

**35.** The term "demerge" as used in the passage means :

(A) formulation of two or more companies out of an existing one

(B) re–union of companies which had split up out of one company

(C) separation of two or more companies which had merged into one

(D) renaming a company to claim tax benefits

**36.** What do you need to put your web pages on the www ?

(A) a connection to internet (B) a web browser

(C) a web server (D) all of the above

**37.** Which was the first company to launch mobile phone services in India ?

(A) Essar (B) BPL (C) Hutchison (D) Airtel

**38.** Chandrayan I was launched on 22nd October, 2008 in India from :

(A) Bangalore (B) Sri Harikota (C) Chennai (D) Ahmedabad

32. ''विक्रेता बाजार'' द्वारा ''क्रेता बाज़ार'' को मार्ग देना है, इस कथन का क्या मतलब है?

(A) कीमतों की दृष्टि से विक्रेता और क्रेता का आमना सामना होना।

(B) वित्तीय रूप से उपभोक्ता के पक्ष में बाज़ार।

(C) बाज़ार में पूर्ति की अपेक्षा माँग की अधिकता।

(D) बाज़ार में माँग एवं पूर्ति का अनुपात।

33. गत वर्षों में समामेलन इनमें से मुख्यत: किसके लिए प्रयोग में लाया गया है?

(A) त्वरित विकास को प्राप्त करना।

(B) सरकार को दिए जाने वाले करों की आवश्यकता पूरी करना।

(C) बीमार इकाइयों को पुनर्जीवित करने के प्रावधानों को पराभूत करना।

(D) सरकार के उदारीकरण की प्रक्रिया को बाध्य करना।

34. आयात करों पर सरकार की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन सा ***सही*** है?

(A) अधिक राजस्व कमाने के लिए अब आयात कर में वृद्धि करना।

(B) स्वास्थ प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के लिए आयात कर को अब कम करना।

(C) आयात को बढ़ावा देने के लिए आयात कर को कम करना।

(D) विदेशी वस्तुओं की खरीद को हतोत्साहित करने के लिए आयात कर को बढ़ाना।

35. विघटन (डिमर्जर) शब्द इस अवतरण में इनमें से किस अर्थ में प्रयोग में लाया गया है?

(A) किसी विद्यमान कंपनी की दो या दो से अधिक कंपनियाँ बनाना।

(B) किसी कंपनी से अलग बनी कंपनियों का पुनर्योग।

(C) दो या उससे अधिक कंपनियाँ जिनका एक में विलयन हो गया था उनका अलग होना।

(D) कर लाभ के लिए कंपनी को पुन: नामित करना।

36. www पर वेब पेजों को डालने के लिए आपको किसकी आवश्यकता है?

(A) एक इन्टरनेट का कनेक्सन (B) एक वेब ब्राऊजर

(C) एक वेब सरवर (D) उपरोक्त सभी

37. भारत में मोबाइल फोन की सेवा प्रथम बार देने वाली कम्पनी थी?

(A) एस्सार (B) बी पी एल (C) हचीसन (D) एयरटेल

38. चंद्रयान I, 22 अक्टूबर, 2008 को भारत में कहाँ से छोड़ा गया था?

(A) बैंगलोर (B) श्रीहरिकोटा (C) चैन्नई (D) अहमदाबाद

**39.** What is blog ?

(A) Online music

(B) Intranet

(C) A personal or corporate website in the form of an online journal

(D) A personal or corporate Google search

**40.** Which is ***not*** online Indian Matrimonial website ?

(A) www.jeevansathi.com (B) www.bharatmatrimony.com

(C) www.shaadi.com (D) www.u.k.singlemuslim.com

**41.** Environmental impact assessment is an objective analysis of the probable changes in :

(A) physical characteristics of the environment

(B) biophysical characteristics of the environment

(C) socio–economic characteristics of the environment

(D) all the above

**42.** Bog is a wetland that receives water from :

(A) nearby water bodies (B) melting

(C) rain fall only (D) sea only

**43.** Which of the following region is in the very high risk zone of earthquakes ?

(A) Central Indian Highland (B) Coastal region

(C) Himalayan region (D) Indian desert

**44.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the codes given below :

| | ***List–I (Institutes)*** | | ***List–II (Cities)*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Central Arid Zone Institute | (i) | Kolkata |
| (b) | Space Application Centre | (ii) | New Delhi |
| (c) | Indian Institute of Public Administration | (iii) | Ahmedabad |
| (d) | Headquarters of Indian Science Congress | (iv) | Jodhpur |

***Codes :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

39. ब्लॉग क्या है ?

(A) ऑन लाइन म्यूजिक

(B) इन्ट्रानेट

(C) ए पर्सनल और (OR) कार्पोरेट वैबसाइट इन द फार्म ऑफ ऑनलाइन जर्नल

(D) ए पर्सनल और OR कार्पोरेट गूगल सर्च

40. निम्न में से कौन सी वैबसाइट भारतीय वैवाहिक वैबसाइट ***नहीं*** है ?

(A) www.jeevansathi.com (B) www.bharatmatrimony.com

(C) www.shaadi.com (D) www.u.k.singlemuslim.com

41. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन संभावित परिवर्तनों का वस्तुनिष्ठ विश्लेषण है :

(A) पर्यावरण की भौतिक विशेषताएं

(B) पर्यावरण की जैव भौतिक विशेषताएं

(C) पर्यावरण की सामाजिक आर्थिक विशेषताएं

(D) उपरोक्त सभी

42. (दलदल) एक नम प्रदेश (नम भूभाग) है जो पानी प्राप्त करता है निम्न से :

(A) समीपस्त जल निकाय (B) द्रवित होना

(C) केवल वर्षा (D) केवल समुद्र

43. निम्नलिखित में से कौनसा प्रदेश भूकम्पों की दृष्टि से अत्यधिक जोखिम क्षेत्र में आता है ?

(A) मध्य भारतीय उच्चभाग (B) तटीय प्रदेश

(C) हिमालय क्षेत्र (D) भारतीय मरुस्थल

44. सूची–I को सूची–II से मिलाते हुए दिये गये कोड़ का प्रयोग करके सही उत्तर दीजिए।

| | ***सूची-I*** ***( संस्थान )*** | | ***सूची-II*** ***( शहर / नगर )*** |
|---|---|---|---|
| (a) | केन्द्रीय मरू अनुसंधान केन्द्र | (i) | कलकत्ता |
| (b) | अन्तरिक्ष उपयोगिता केन्द्र | (ii) | नई दिल्ली |
| (c) | भारतीय लोक प्रशासन संस्थान | (iii) | अहमदाबाद |
| (d) | भारतीय विज्ञान कांग्रेस का मुख्य कार्यालय | (iv) | जोधपुर |

***कोड़ :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**45.** Indian coastal areas experienced Tsunami disaster in the year :

(A) 2005 (B) 2004 (C) 2006 (D) 2007

**46.** The Kothari Commission's report was entitled on :

(A) Education and National Development

(B) Learning to be adventure

(C) Diversification of Education

(D) Education and socialization in democracy

**47.** Which of the following is ***not*** a Dualmode University ?

(A) Delhi University (B) Bangalore University

(C) Madras University (D) Indira Gandhi National Open University

**48.** Which part of the Constitution of India is known as "Code of Administrators" ?

(A) Part I (B) Part II (C) Part III (D) Part IV

**49.** Which article of the constitution provides safeguards to Naga Customary and their social practices against any act of Parliament ?

(A) Article 371 A (B) Article 371 B (C) Article 371 C (D) Article 263

**50.** Which one of the following is ***not*** the tool of good governance ?

(A) Right to information (B) Citizens' Charter

(C) Social Auditing (D) Judicial Activism

- o O o -

45. सुनामी आपदा भारतीय तटीय भागों में किस वर्ष में अनुभव की गई ?

(A) 2005 (B) 2004 (C) 2006 (D) 2007

46. कोठारी आयोग प्रतिवेदन का शीर्षक था :

(A) शिक्षा एवं राष्ट्रीय विकास
(B) लर्निंग टू बी एडवेंचर
(C) डायवर्सिफिकेशन ऑफ एजुकेशन
(D) लोकतंत्र में शिक्षा एवं सामाजिकीकरण

47. निम्नांकित में से कौन सा विश्वविद्यालय द्वय पद्धति वाला ***नहीं*** है ?

(A) दिल्ली विश्वविद्यालय
(B) बंगलोर विश्वविद्यालय
(C) मद्रास विश्वविद्यालय
(D) इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

48. भारत के संविधान के किस भाग को 'प्रशासकों की आचरण संहिता' माना जाता है ?

(A) भाग I (B) भाग II (C) भाग III (D) भाग IV

49. संविधान का कौन सा अनुच्छेद नागा परम्पराओं और सामाजिक प्रथाओं को संसद के किसी भी अधिनियम से रक्षोपाय प्रदान करता है ?

(A) अनुच्छेद 371 A (B) अनुच्छेद 371 B (C) अनुच्छेद 371 C (D) अनुच्छेद 263

50. निम्नलिखित में से कौन सा सुशासन का उपकरण ***नहीं*** है ?

(A) सूचना का अधिकार
(B) नागरिक अधिकार पत्र
(C) सामाजिक अंकेक्षण
(D) न्यायिक सक्रियता

- o O o -

**Space For Rough Work**